# कार से आए बदमाशों ने तोड़ा पार्षद के घर का ताला...

**उज्जैन।** महिला पार्षद के मकान में दिनदहाड़े लाखों की चोरी में कार से आये बदमाशों की तलाश की जा रही है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दोपहर के समय एक कार घर के सामने खड़ी थी। पुलिस कार का पता लगाने के लिए कैमरों के फुटेज देख रही है।

मक्सी रोड स्थित ग्राम माधोपुरा में वार्ड क्रमांक 40 की भाजपा पार्षद जानी बाई पति सतनारायण राठौर के मकान में ताला तोड़कर चोरी होने का मामला शाम 7.30 बजे के लगभग सामने आया था। पंवासा पुलिस जानकारी मिलने पर जांच के लिए पहुंच गई थी। घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां खुली थी। बदमाशों का पता लगाने के लिए फिंगरप्रिंट टीम को बुलाया गया और सुराग तलाश में का काम शुरू किया गया। इस दौरान राठौर परिवार ने बताया कि जानी बाई के पिता की तबीयत खराब होने पर बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती हैं। परिवार अस्पताल गया हुआ था जहां से देर शाम आने पर ताला टूटा मिला। परिवार ने बताया कि बदमाश घर में रखें 50 हजार रुपए नगद और सोने चांदी के आभूषण चुराकर ले गए हैं। पुलिस के अनुसार चोरी की वारदात दिनदहाड़े होना सामने आई है मकान माधोपुरा के आखिरी छोर पर बना हुआ है आसपास कैमरे भी नहीं लगे हैं। मुख्य मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखने का प्रयास किया जा रहा है। संभावना है कि जल्द ही चोरी करने वालों का पता लगा लिया जाएगा।

## उन्हेल मार्ग पर दुर्घटना में एक की मौत

**उज्जैन।** बीती रात उन्हेल नागदा मार्ग पर बाइक और ट्राले के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। बाइक पर दो युवक सवार थे एक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया दूसरा घायल था दोनों को उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। शनिवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। बताया जा रहा है कि उन्हेल रेलवे स्टेशन के पास रहने वाला धर्मेंद्र पिता पदम सिंह मीणा 30 साल अपनी मौसी के पुत्र और पुत्री की शादी होने पर राजस्थान गया था। जहां से रात में वह ट्रेन से नागदा लौटा था। उसने अपने दोस्त अंशुमन राठौर को नागदा स्टेशन पर लेने के लिए बुलाया। दोस्त अंशुमन बाइक से स्टेशन पहुंचा दोनों उन्हेल आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रहे ट्राले से उनकी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में मौके पर ही धर्मेंद्र ने दम तोड़ दिया अंशुमन गंभीर घायल हुआ था दोनों को रात में चरक अस्पताल लाया गया। अंशुमन से पूछताछ के बाद दोनों के परिजनों को सूचना दी गई। रात में ही परिजन उज्जैन पहुंच गए थे सुबह मृतक धर्मेंद्र का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि धर्मेंद्र और विवाहित था और रेलवे में ठेकेदारी के अंतर्गत काम करता था। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद ट्राला जब्त किया है। चालक की तलाश की जा रही है।

## शहर में बढ़ने लगा चोरी का ग्राफ

एक बार फिर शहर में चोरी की वारदात का ग्राफ बढ़ता दिखाई देने लगा है। कुछ दिन पहले ही नीलगंगा थाना क्षेत्र की तिरुपति डायमंड कॉलोनी में इंदौर में पदस्थ इंजीनियर के मकान से स्कूटी पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने दो लाख रुपए नगद और 30 लाख से अधिक के आभूषण चोरी कर लिए थे। चिमनगंज थाना क्षेत्र में कृषि उपज मंडी परिसर में बनी दो दुकानों में भी चोरी होना सामने आया था। इन दिनों शादी समारोह का आयोजन चल रहा है। लोग शहर से बाहर जा रहे हैं जिसके चलते कई मकान पर ताला लगा हुआ है। जिसका फायदा बदमाश उठा रहे हैं।

## अवैध शराब के साथ हिरासत में लिए गए पिता-पुत्र

उज्जैन। बाइक सवार दो लोगों के पास अवैध शराब की सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। दोनों को पकड़ा गया। बाइक सवार पिता पुत्र होना सामने आए जिनके पास से हजारों रुपए की शराब बरामद की गई है। नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि रात में बाइक सवार दो लोगों द्वारा अवैध शराब लेकर शहर की और आने की सूचना मिली थी। जिनकी धर पकड़ के लिए प्रधान आरक्षक कपिल राठौर और पीयूष मिश्रा के साथ आरक्षक पुष्पराज सिंह और कमल पटेल, अंकित चौहान को रवाना किया गया। दाऊद खेड़ी मार्ग विनायक विहार कॉलोनी के समीप से बाइक सवार दोनों लोगों को पकड़ा गया। जिनके पास से विमल पाउच के झोले में भरे देशी शराब के क्वार्टर के साथ प्लास्टिक की केन में भरी कच्ची शराब बरामद हो गई। हजारों रुपए कीमत की शराब मिलने पर दोनों से पूछताछ की गई इस दौरान सामने आया कि सुदामा नगर के रहने वाले पिता पुत्र मुकेश पिता लक्ष्मण राय और अथर्व पिता मुकेश राय हैं। दोनों ने इंदौर से शराब लेकर आना बताया। फिलहाल दोनों के खिलाफ का प्रकरण दर्ज कर किया है।



# 18 दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग

**उज्जैन।** दुर्घटना, बीमारी या जन्मजात कारणों से अपने अंग खो चुके 18 दिव्यांगों को जब कृत्रिम अंग लगे, तो उनके चेहरों पर नई उम्मीद और मुस्कान लौट आई। यह पुनीत कार्य देवास रोड स्थित श्री राजेंद्र जैन शोध संस्थान में चल रहे पांच दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के पहले दिन हुआ।

दिव्यांगता मुक्त भारत अभियान के तहत जैन इंजीनियर्स सोसायटी उज्जैन चैप्टर की मेजबानी में 1 से 5 मई तक यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन 20 से 25 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग लगाकर उन्हें सामान्य जीवन की ओर लौटने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस सेवा कार्य में परमार्थ निकेतन ऋषिकेश अपनी सेवाएं दे रही है। जैन इंजीनियर्स सोसायटी के संरक्षक इंजी. अभय कुमार सेठिया व उनके परिवार की प्रेरणा से यह आयोजन संभव हो सका है। इसमें लायंस क्लब उज्जैनी का भी विशेष सहयोग रहा है। आगामी दिनों में अन्य संस्थाएं भी अपनी भागीदारी निभाएंगी। विशेषज्ञों की टीम मरीजों की स्थिति का विस्तृत आकलन कर उनके अनुकूल कृत्रिम अंग का डिजाइन तैयार कर रही है। इसके बाद माप लेकर हाई डेंसिटी पॉलिथीन और जयपुर फुट तकनीक के माध्यम से अंग बनाए जा रहे हैं, ताकि मरीज को प्राकृतिक अंगों जैसा अनुभव मिल सके। आयोजकों ने बताया कि शिविर में कुल 125 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ, पैर और कैलिपर निःशुल्क लगाने का लक्ष्य है। शिविर पूर्णतः निःशुल्क है और लाभार्थियों के लिए भोजन सहित अन्य सुविधाएं भी जुटाई गई हैं। जरूरतमंद व्यक्ति अपना पहचान पत्र लाकर पंजीयन करा सकते हैं।

# महापौर की मौजूदगी में चलाया भूखी माता घाट पर सफाई अभियान

- फावड़े से घाट पर जमी मिट्टी
- और गाद को निकालते हुए धुलवाया फाइटर पंप से

**उज्जैन।** सिंहस्थ की तैयारियों एवं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025, जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर नगर निगम अलर्ट है।

स्वच्छता में शक्ति उज्जैन की भक्ति अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत क्षिप्रा नदी के प्रमुख घाटों पर समुचित सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में नगर निगम उज्जैन द्वारा भूखी माता घाट पर सफाई अभियान एवं श्रमदान किया। इसमें जनप्रतिनिधि, निगम के अधिकारी, आईईसी टीम के 100 से अधिक सदस्य की उपस्थिति में श्रमदान एवं सफाई अभियान चलाया। श्रमदान कार्य के दौरान भूखी माता मंदिर के घाटों पर अलग-अलग टीम बनाते हुए कार्य किया गया। जिसमें टीम ने घाट पर जमी मिट्टी एवं गाद को हटाने का कार्य, घास हटाने का कार्य, कचरा संग्रहण एवं फाइटर मशीन के माध्यम से घाटों की धुलवाई का कार्य भी किया।



## अभियान में यह मौजूद

शहर के समस्त नागरिकों से अपील की जाती है कि उज्जैन शहर धार्मिक शहर है घाटों पर गंदगी ना करें सफाई का ध्यान रखें। इस दौरान सत्यनारायण चौहान, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, डॉ. योगेश्वरी राठौर, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, राघवेंद्र सिंह पालिया, प्रवीण मुकाती, पवन कुमार एवं निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बदमाश ने पत्नी को पिस्टल दिखाकर धमकाया

**उज्जैन। गुर्जर गैंग के कुख्यात बदमाश रोशन ने रात के समय पहली पत्नी के घर में घुसकर पिस्टल तानी और गुर्जर सरनेम हटाने के साथ शहर छोड़ने की धमकी दी। पुलिस ने पहली पत्नी की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।**

नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि दिनेश पेट्रोल पम्प दो तालाब के पास रहने वाले निकिता पति रोशन गुर्जर ने गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई कि वह अंकुर स्कूल में शिक्षिका है। उसका एक 6 वर्षीय पुत्र वंश है। 3 जनवरी 2018 को रोशन गुर्जर से विवाह किया था। सालभर बाद पति रोशन गुर्जर अपराधिक मामले में जेल चला गया था, उस वक्त वह गर्भवती थी। वह रोशन के माता-पिता के साथ ढांचा भवन सांदीपनि नगर में रहती थी। कुछ महीनों बाद रोशन जेल से छूटकर आया तो उसने हीरामिल की चाल में रहने वाली दीपिका से दूसरा प्रेम विवाह कर लिया और उसे घर से निकाल दिया। लेकिन रोशन ने उससे तलाक नहीं लिया है। वह रोशन से अलग होकर दो तालाब के पास रह रही है। बुधवार-गुरुवार रात रोशन आया और दरवाजा खटखटाकर अंदर घुस गया। उसने पिस्टल तानी और कहा कि बेटे वंश के नाम से गुर्जर सरनेम हटा ले, यहीं उसने धमकाया कि अगर शहर छोड़कर नहीं गई तो बेटे को गोली मार दूंगा। धमकी देने के बाद रोशन गुर्जर चला गया। थाना प्रभारी के अनुसार निकिता की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज कर रोशन गुर्जर की तलाश शुरू की गई है। रोशन अब तक जेल में था, एक-डेढ़ माह पहले ही रिहा होकर आया है।

## एक नजर में

### हाटकेश्वर विहार में आलोट के युवक की हत्या

**उज्जैन।** आलोट से युवक का अपहरण होना शुक्रवार को सामने आया था जिसकी शनिवार को उज्जैन में एक मकान से लाश मिलना सामने आया है। मामला हत्या का होने पर आलोट और नीलगंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि आलोट से मनीष माली नामक युवक का अपहरण होने पर आलोट पुलिस उज्जैन पहुंची थी और बताया कि अपराहन करने वाले दिनेश को उज्जैन लेकर आए थे और हाटकेश्वर विहार कॉलोनी के एक मकान में उसकी हत्या कर दी गई है। अपहरण करने वालों को गिरफ्तार करने पर हत्या का खुलासा हुआ है। आलोट पुलिस की सूचना पर नीलगंगा थाना पुलिस की टीम हाटकेश्वर स्थित स्वर्गीय मेहरबान माली के मकान पर पहुंची जहां मकान का दरवाजा खोलने पर दिनेश की लाश पड़ी होना सामने आया। बताया जा रहा है कि स्वर्गीय मेहरबान माली पुत्र मयंक माली अपहरण में शामिल था उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मनीष का अपहरण किया और उज्जैन लाकर उसकी हत्या कर दी। थाना प्रभारी कुरील के अनुसार मामला आपसी पुरानी रंजिश का है। आलोट पुलिस द्वारा अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया था। मृतक की लाश उज्जैन में मिलने पर रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### अध्यक्ष बनने पर रमेश चंद्र शर्मा का सम्मान



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति का अध्यक्ष नियुक्त होने पर रमेश चंद्र शर्मा का मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की जिला इकाई द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पुरोहित एवं जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पमाला और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। शर्मा को समिति का अध्यक्ष बनाए जाने पर उज्जैन की राज्य कर्मचारी संघ इकाई में हर्ष का माहौल है। संघ ने इस नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि कर्मचारी हित में सदैव समर्पित रहने वाले रमेश चंद्र शर्मा आगामी समय में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के सभी वर्गों के कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष अनोखी लाल शर्मा, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, जिला सचिव राम सिंह बनिहार, संभागीय कोषाध्यक्ष परसराम कापड़िया, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, नवीन पांडे, उदयभान सिंह यादव, हेमंत आचार्य और प्रवीण जोशी सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। यह जानकारी जिला प्रवक्ता राकेश पाठक ने दी।



### दो साल से रुका हुआ वेतन हुआ जारी

**उज्जैन।** नगर निगम के आउटसोर्स सफाई मित्रों के लिए इस बार का मजदूर दिवस एक बड़ी खुशखबरी लेकर आया। सफाई कामगार संघ और आउटसोर्स एजेंसियों के बीच हुई सफल मध्यस्थता के बाद कर्मचारियों का मार्च 2024 से रुका हुआ (दो साल पुराना) वेतन आखिरकार जारी कर दिया गया है। लंबे समय से लंबित इस भुगतान के मिलने से सफाई कर्मचारियों में भारी उत्साह है और उन्होंने मिठाई वितरित कर अपनी खुशी जाहिर की। इस रुके हुए वेतन को दिलाने में कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का अहम योगदान रहा। आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से भुगतान प्राप्त होने पर सफाई मित्रों ने सफाई कामगार संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट का प्रमुखता से आभार व्यक्त किया, जिनके कुशल मार्गदर्शन में यह संभव हो सका। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों ने संघ के अध्यक्ष चंदगीराम टाकले, सचिव संदीप कलोशिया, आउटसोर्स कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनसुख महेलवाल और समन्वयक गणेश बागड़ी के प्रयासों की भी सराहना की और उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शहर से हटाया अवैध अतिक्रमण...

**उज्जैन।** नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहा एवं स्थान से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। जिसके क्रम में शनिवार को गोवर्धन सागर के पास अस्थाई ठेले गुमटियां एवं काउंटर को हटाने की कार्रवाई नगर निगम रिमूवल गैंग द्वारा की गई। इसी के साथ देवास गेट से होते हुए रेलवे स्टेशन इंदौर गेट तक भी अवैध अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी इसलिए शहर के प्रमुख मार्गों चौराहों पर किसी प्रकार से ठेले गुमटियों को ना रखें अन्यथा जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। इधर 2 एवं 3 मई को दो दिवसीय विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शहर के प्रमुख चौराहों पर स्थापित रोटरी, डिवाइडरों, रेलिंग की धुलवाई का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को आगर रोड स्थित रोटरी को पानी के टैंकर के माध्यम से धुलवाने का कार्य किया गया।

# ये तीनों खेड़ी मिलकर तोड़ेंगी जल संकट की बेड़ी : राजेश राजौरा

- जल परियोजनाओं पर फोकस, गुणवत्ता जांच अनिवार्य

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि इस बार का सिंहस्थ क्षिप्रा नदी के जल से ही हो, ऐसे में बारिश का पानी संग्रहित करके कुंभ के दौरान नदी में छोड़ा जाएगा जिससे श्रद्धालु शुद्ध पवित्र जल से स्नान कर सकेंगे, हरियाखेड़ी सिलारखेड़ी ,सेवरखेड़ी यह तीनों खेड़ी मिलकर जल संकट की बेड़ी तोड़ेगी।

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत जल परियोजनाओं को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने शनिवार को हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना और सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी जल परियोजना का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने हरियाखेड़ी परियोजना स्थल पर कार्य की धीमी गति पर नाराज़गी जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को तेजी से पूरा किया जाए।



## जांच के सख्त निर्देश-सालभर पानी उपलब्ध-जल प्रबंधन पर फोकस

डॉ. राजौरा ने स्पष्ट कहा कि कार्यों की नियमित गुणवत्ता जांच की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ सभी कार्य पूरे किए जाएं। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल ने बताया कि सेवरखेड़ी जलाशय में वर्तमान में अर्थवर्क और पिचिंग का कार्य जारी है। बारिश के मौसम में शिप्रा नदी से पंपिंग के जरिए पानी लाया जाएगा, जबकि गर्मी के मौसम में ग्रैविटी फ्लो के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि सिंहस्थ 2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं की संभावित उपस्थिति को देखते हुए जल प्रबंधन सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन जल परियोजनाओं की मॉनिटरिंग लगातार तेज कर रहा है।

## सेवरखेड़ी जलाशय 75 प्रतिशत काम पूरा

इसके बाद उन्होंने सेवरखेड़ी जलाशय का निरीक्षण किया, जो सिंहस्थ 2028 के लिए बेहद महत्वपूर्ण परियोजना मानी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के दौरान अर्थवर्क (मिट्टी भराई) और पिचिंग कार्यों का बारीकी से परीक्षण किया गया। डॉ. राजौरा ने मिट्टी की गुणवत्ता जांच और क्वालिटी कंट्रोल सिस्टम की विस्तृत जानकारी ली।

# बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव में निकली विश्व शांति धम्मदीप महारैली

**उज्जैन।** भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण के पावन अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा एवं प्रबुद्ध महिला संगठन उज्जैन के तत्वावधान में फ्रीगंज जीरो पॉइंट स्थित अशोक बुद्ध विहार में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्व शांति धम्मदीप महारैली, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सम्मान समारोह और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया।

मनोज नागदेवे के अनुसार आयोजन के अंतर्गत प्रातः 7.30 बजे अशोक बुद्ध विहार से भगवान बुद्ध के जयकारों के बीच विश्व शांति धम्मदीप महारैली का शुभारंभ हुआ। यह महारैली मक्सी रोड, गणेशपुरा, गोपालपुरा, लक्ष्मीनगर, सेठीनगर चौराहा और शहीद पार्क होते हुए टॉवर चौक पहुंची। यहां फ्रीगंज स्थित संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पंचशील और त्रिशरण वंदना की गई। इसके उपरांत प्रातः 11 बजे अशोक बुद्ध विहार परिसर में ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।





## प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

शाम 7 बजे से अतिथि उद्बोधन, सम्मान समारोह और मैत्री भोज का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मुकेश टटवाल एवं पूर्व महापौर मीना जोनवाल उपस्थित रहीं। समारोह में कक्षा 10वीं और 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को नकद पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।

# शहर कांग्रेस की पहली बैठक आयोजित

**उज्जैन।** शहर कांग्रेस कार्यालय पर नव नियुक्त पदाधिकारियों की पहली बैठक शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस बैठक में शहर के बीचों-बीच बनाए जाने वाले एलिवेटेड ब्रिज का व्यापारी हित में कड़ा विरोध करने का निर्णय लिया गया।

संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि नई कार्यकारिणी द्वारा इस मुद्दे को लेकर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। तय निर्णय के अनुसार, एलिवेटेड ब्रिज के विरोध में आज रविवार शाम 6 बजे निकास चौराहे से लेकर इंदौर गेट तक कांग्रेस पार्टी द्वारा पैदल मार्च निकाला जाएगा और इसके पश्चात ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में अनिल गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, राजेश राणा, धीरज यादव, बब्लू खींची, चंद्रभान सिंह चंदेल, संचित शर्मा, दुर्गेश धवन, बंटी वसीम, रहीम लाला, आनंद मीणा, राहुल लोट, अभिषेक लाला, रमेश सांखला, गजेंद्र मारोठिया, शाहिद सिद्दीकी, चेतन भाट, सोनिया ठाकुर, वंदना मिमरोट और हर्षवर्धन यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन देवव्रत यादव ने किया।



# गायत्री परिवार ने बताए श्रेष्ठ संतान प्राप्ति के सूत्र

**उज्जैन।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी अभियान के तहत शहर के चरक अस्पताल में सामूहिक गर्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया की सहमति तथा मेडिकल ऑफिसर डॉ. निधि जैन एवं डॉ. ईशिता शास्त्री की व्यवस्था और सहयोग से गायत्री परिवार की महिलाओं द्वारा 30 गर्भवती महिलाओं के गर्भ संस्कार व चार महिलाओं के गर्भाधान संस्कार संपन्न करवाए गए। कार्यक्रम में उप जोन समन्वयक उर्मिला तोमर ने गर्भवती माताओं को गर्भ संस्कार के पांच प्रमुख सूत्र बताए। उन्होंने दैनिक दिनचर्या व सकारात्मक वातावरण, आसन-प्राणायाम, आहार-विहार, गर्भ संवाद और गर्भ के ज्ञान-विज्ञान की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान डॉ. ईशिता शास्त्री ने प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को गर्भ विज्ञान की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रभाकर सोनोने, जेपी यादव, श्रीकृष्ण पटेल, रक्षा नरवरे उपस्थित रहे। यहां पर मनोहर बेलावत और पीएस तोमर का सराहनीय सहयोग रहा।

**पारा 40 डिग्री पार** — श्रद्धालुओं को ठंडक पहुंचाने के लिए पानी की बौछार की व्यवस्था की

# उज्जैन में तेज गर्मी, बाबा महाकाल में लगाया फोगिंग सिस्टम

**उज्जैन।** शहर में अभी इतनी तेज गर्मी पड़ रही है कि महाकाल मंदिर में तो समिति को फोगिंग सिस्टम ही लगाना पड़ा। दर्शन की लाइन में लगे श्रद्धालुओं पर पानी की बौछारे उड़ाई जा रही है ताकि उन्हें ठंडक मिलती रहे। एक सप्ताह से उज्जैन में दिन का तापमान 40 डिग्री के ऊपर दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में लोग घरों से बाहर निकलने तक में सोच रहे हैं।

जरुरी काम हो तो लोग सुबह शाम के समय बाहर निकलते हैं। नौकरी पेशे से जुड़े लोग भी ऑफिसों में जाकर एसी-कूलर में बैठकर काम चला रहे हैं। मंदिरों में भी दर्शनार्थियों की खासी भीड़ उमड़ रही है। इसके चलते मंदिर समिति ने भी श्रद्धालुओं को राहत प्रदान करने के लिए कारपेड बिछाए है जिन्हें पानी से गिला रखा जा रहा है ताकि पैर न जले। वहीं ऊपर शामियाने भी लगाए गए है। तो भीषण गर्मी से निपटने के लिए फॉगिंग सिस्टम भी लगा दिया है। समिति के अधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर के मानसरोवर हाल से त्रिनेत्र तक डेमो के रूप में अभी फॉगिंग सिस्टम इंस्टॉल करवाया है। अगर यह सक्सेस रहता है तो इसे पूरे मंदिर परिसर में तथा बाहर की ओर लगाया जाएगा।



## उद्योगपतियों ने महाकाल दर्शन किए

नवरत्न उद्यम एनएचपीसी लिमिटेड के डायरेक्टर टेक्निकल सूर्यप्रकाश अधिकारी एवं एनएचडीसी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर ओमप्रकाश ने टीम के साथ उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने परिसर के अन्य मंदिरों के साथ महालोक का भ्रमण भी किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने उनका स्वागत किया।